तेरा नाम तेरा नाम आये मेरे काम

जगह जगह मेरे श्याम धनि का डंका बाज रहा,
श्याम धनि के नाम की माला हर भक्त ही जाप रहा,
तेरा नाम तेरा नाम आये मेरे काम आये मेरे काम बस तेरा ही ये नाम,

कोई कहे इसे हारे का सहारा कोई कहे देखो ये तो संवारा प्यारा,
मन से निकले जो नाम वो ही नाम तुम्हारा है,
कलयुग का अवतार मेरा संवारा प्यारा है,
तेरा नाम तेरा नाम आये मेरे काम आये मेरे काम बस तेरा ही ये नाम,

चुन चुन कर सब कलियाँ लाये उन कलियों के हार बनाये,
हार बना कर श्याम के चरणों में चढ़ना है,
श्याम श्याम के नाम का जय कारा लगाना है,
तेरा नाम तेरा नाम आये मेरे काम आये मेरे काम बस तेरा ही ये नाम,

साँचा है एक नाम तुम्हारा जो जीवन को देता किनारा,
हर सुख जीवन का सँवारे से ही पाया है,
सबके मन में दीपक सँवारे ने ही जगाया है,
तेरा नाम तेरा नाम आये मेरे काम आये मेरे काम बस तेरा ही ये नाम,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6322/title/tera-naam-tera-naam-aaye-mere-kaam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |